भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3374
उत्तर देने की तारीख 09 अगस्त, 2023

डाक संघ

3374. श्री बी. मणिक्कम टैगोर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दो डाक संघों की मान्यता रद्द कर दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि डाक कर्मचारियों के एक अन्य संघ की शिकायत के आधार पर ऐसा किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या दोनों डाक संघों की मान्यता रद्द करते समय यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने किसानों के विरोध प्रदर्शन आदि में योगदान दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (घ) विभाग द्वारा अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ समूह 'ग' और राष्ट्रीय डाक कर्मचारी फेडरेशन की मान्यता वापस ले ली गयी थी। फिलहाल यह मामला न्यायालय के विचाराधीन है।

*****